




डाक पंजीयन क्र. L/RNP/म.प्र./मन्दसौर/122/2024-26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 265 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 11 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया


# एमडी पर नजर तो डोडाचूरा नजरअंदाज..!

## बड़े तस्करों पर टॉरगेट, छोटे भी हो गए सक्रिय

**मंदसौर, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। भोपाल ड्रग्सकांड जैसे बड़े मामलों के खुलासे के बाद बड़े-बड़े तस्करों के चेहरे सामने आए। जांच एजेंसियों और पुलिस के टॉरगेट पर यह तस्कर और इनके सिपाहसालार है। यही कारण है कि लगातार बड़ी-बड़ी कार्रवाई पुलिस और जांच एजेंसियों ने बीते कुछ समय में की है। जिसमें विशेषकर एमडी और महंगी ड्रग्स निशाने पर रही। लेकिन, इस बीच कहीं न कहीं छोटे कुरियर टाइप के तस्करों के साथ डोडाचूरा को नजरअंदाज किया जा रहा है। पुलिसं और जांच एजेंसी की कार्रवाई में सामने आया है कि महंगे ड्रग्स बाहर से मंदसौर सप्लाय होकर अन्य राज्यों में मंदसौर का टेग लगाकर भेजे जा रहे हैं। लेकिन, डोडाचूरा तो मंदसौर में ही पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। एक दिन पहले रतलाम पुलिस ने कार्रवाई कर डोडाचूरा जब्त किया। जो मंदसौर से भेजा गया था। मतलब साफ है कि पुलिस और जांच एजेंसी के साथ इनके मुखबिरों की नजर बड़े तस्करों पर है। यही कारण है कि जहां कुछ समय पहले तक क्विंटलों डोडाचूरा के साथ 15-20 किलो महंगा ड्रग्स भी पकड़ा जा रहा था। वहीं अब पुलिस और जांच एजेंसियों के टॉरगेट पर एमडी जैसी महंगी ड्रग्स ही है।**

### 2.17 करोड़ का डोडाचूरा, 3.64 करोड़ की ड्रग्स...

डोडाचूरा से ज्यादा कीमत की महंगी ड्रग्स पुलिस ने हाल ही की कार्रवाई में पकड़ी है। जबकि, डोडाचूरा की पैदावार तो लाखों क्विंटल में मंदसौर में ही हो रही है। वहीं ड्रग्स तो बाहर से आकर मंदसौर से सप्लाय हो रही है। 01 सितंबर 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक के आंकड़ों की बात करें 63 मामलों में 149 आरोपियों से 10,887 किलो डोडाचूरा बरामद किया, जिसकी कीमत 02 करोड़ 17 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार 13 अलग मामलों में 26 तस्करों से 21.67 किलो अफीम जब्त की गई, जिसकी कीमत 32 लाख 50 हजार रुपए है। 06 मामलों में 36 आरोपियों से 2.36 किलो स्मैक और ब्राउन शुगर बरामद किया गया, इसकी कीमत 2 करोड़ 36 लाख रुपए बताई जा रही है। 20 मामलों में 60 आरोपियों से 4.28 किलो एमडीएमए बरामद किया, इसकी कीमत 1 करोड़ 28 लाख रुपए है। एक अन्य मामले में पुलिस ने 74.98 किलो एसेटिक एनहाइड्रेट भी जब्त किया, जिसकी कीमत 38 हजार रुपए बताई गई है।

## तस्करी के गढ़ से डोडाचूरा की सप्लाय



### आठ लाख किलो डोडाचूरा की तस्करी..?

डोडाचूरा के जानकारों के मुताबिक 10 आरी के अफीम खेत में औसत 80 किलो से एक क्विंटल तक डोडाचूरा निकलता है। कुछ किसानों के यहां यह मात्रा 60 किलो तक भी हो सकती है, पर इससे कम नहीं होती है। इस बार चीरा पद्धति की बात करें तो 13 हजार 266 अफीम काश्तकार जिले में है। अगर 60 किलो भी औसत मानें तो 7.80 लाख किलो डोडाचूरा साल भर में होना चाहिए। जबकि, जिम्मेदार विभाग तो 15-30 किलो का औसत मानकर खुद ही तस्करी को बढ़ावा देने में लगा है। यह संभव नहीं कि इतनी बड़ी मात्रा में डोडाचूरा संभालकर रखा जा सके।

### डोडाचूरा न नष्ट किया जा सकता और न बेचा जा सकता...

डोडाचूरा को किसान न नष्ट कर सकता है और न ही बेच सकता है। वहीं घर पर इतनी बड़ी मात्रा में रखना इसको संभव नहीं। क्योंकि, चोरों और जानवरों से इसको बचाना भी टेढ़ी खीर है। इसका कारण है कि 31 मार्च 2016 के बाद से डोडाचूरा के ठेके देना बंद कर दिए थे। किसी भी विभाग को पता नहीं है कि किसानों के पास या जिले में कुल कितना डोडाचूरा मौजूद है। कुछ समय पहले सरकार के निर्देश मिलने पर आबकारी विभाग ने नारकोटिक्स विभाग को पत्र लिखकर जानकारी मांगी कि जिले में अफीम किसान कितने हैं? अफीम खेती का कुल रकबा क्या है? और एक किसान के यहां अनुमानित कितना डोडाचूरा उत्पादित होता है? इस पर नारकोटिक्स विभाग ने किसानों की संख्या और अफीम खेती का रकबा तो बता दिया था, पर डोडाचूरा उत्पादन की जानकारी नहीं दी थी। इससे विभाग की कागजी मुश्किलें बढ़ गई। फिर एक दल राजस्थान के प्रतापगढ़ में चल रही डोडाचूरा नष्टीकरण की प्रक्रिया देखने भी गया। वहां पर एक किसान को मिले 10 आरी के पट्टेपर औसत 15 किलो डोडाचूरा उत्पादन मानकर जलाया गया था। अब डोडाचूरा किसानों के पास है या चला गया, इसकी भी जानकारी विभाग के पास नहीं है।

## दिनदहाड़े सराफा लूट का पर्दाफाश...

### 20 घंटे में 6 लाख के गहने बरामद, अंतर्राज्यीय गिरोह की 2 महिला सदस्य सहित एक पुरुष आरोपी गिरफ्तार

**मनासा, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर में दिनदहाड़े हुई सराफा लूट की वारदात को पुलिस ने 20 घंटे में ही सुलझाते हुए अंतर्राज्यीय ठग गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपी न केवल मध्यप्रदेश बल्कि राजस्थान में भी कई गंभीर अपराधों में लिप्त पाए गए हैं। मामला 08 जुलाई 2025 का है, जब मनासा के सदर बाजार स्थित 74 वर्षीय कैलाशचंद्र सोनी की ज्वेलरी दुकान पर एक पुरुष व दो महिलाएं लाल रंग की हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल से पहुंचे। उन्होंने नकली सोने की अंगूठी बेचने का बहाना कर संचालक को बातों में उलझाया और असली सोने के झुमके, पेंडल, अंगूठी आदि कुल 58 ग्राम के जेवरात (कीमत लगभग 5.5 लाख) लेकर फरार हो गए। सराफा व्यापारी की रिपोर्ट पर थाना मनासा में अपराध धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कप्तान अंकित जयसवाल ने तीन विशेष टीमों का गठन किया, जिनका नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसौदिया व एसडीओपी श्रीमती साबेरा अंसारी ने किया। टीमों ने ऑपरेशन 'नीमच आई' के अंतर्गत घटना स्थल व आसपास के 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज से प्राप्त सुरागों के आधार पर सीमावर्ती जिलों व राज्यों की पुलिस की मदद से संदिग्धों की पहचान की गई। परिणामस्वरूप पुलिस ने मात्र 20 घंटे में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनमे विनोद पिता पदम सिंह बावरी, निवासी धामनिया, थाना छोटीसादड़ी (पूर्व में 18 अपराधों में लिप्त, हाल ही में निम्बाहेड़ा जेल से रिहा हुआ है), श्यामा बाई पति पदम सिंह बावरी, निवासी धामनिया (4 आपराधिक प्रकरण दर्ज) ओर मीरा पति विनोद बावरी, निवासी धामनिया 4 अपराध दर्ज को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाल रंग की हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल और चोरी गए सभी 22 नग जेवरात (झुमकी, पेंडल, अंगूठी आदि) कुल वजनी 58 ग्राम, जिसकी कीमत 6 लाख आंकी गई है, बरामद किए गए। पुलिस टीम में निरीक्षक शिव रघुवंशी, उनि तेजसिंह सिसौदिया, सपना राठौर सहित कई जवानों की अहम भूमिका रही। पुलिस कप्तान ने समस्त टीम को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, वहीं मनासा सराफा संघ ने शाल और श्रीफल भेंट कर पुलिस प्रशासन का आभार प्रकट किया।





# नोटिस तामिली के बाद भी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण जस का तस, नींद में है जिम्मेदार अधिकारी

## किसी ने सरकारी जमीन पर दुकान ही बना डाली तो किसी ने 150 फिट लंबी दीवार खींच दी

**सुवासरा, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर के चोमेला रोड स्थित शासकीय भूमि को लेकर जिम्मेदार अधिकारी कुछ ज्यादा ही मेहरबान नजर आ रहे है। अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी होने के बाद भी कोई कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठा रहे है। करीब 20 दिन पहले तहसीलदार ने इन शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ कार्रवाई के आदेश जारी किए थे। लेकिन, 20 दिन बीत जाने के बाद भी हालात जस के तस ही है। जो कि शासकीय कार्यप्रणाली पर कई तरह के सवालिया निशान लगा रहा है।

विगत दिनो सर्वे नंबर 667/1 पर स्थित 0.125 हैक्टर जमीन पर सुवासरा तहसीलदार ने सभी जांच के उपरांत अपना फैसला सुरक्षित कर दिया था। 20 जून को दिए फैसले में उक्त शासकीय जमीन पर अवैध रूप से क्रय विक्रय और अतिक्रमण करने वालो पर दण्डात्मक कार्यवाही करने का आदेश पारित कर दिया था। पारित किए आदेश के 20 दिन बीतने के बाद भी अभी तक उक्त अतिक्रमणकर्ताओ ने नोटिस तामिली के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया है। प्रशासन की ओर से भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मामला नगर के चोमेला रोड स्थित उक्त शासकीय जमीन पर 840 वर्ग फिट भूमि पर सलमा पति अली असगर निवासी सुवासरा द्वारा पक्का अतिक्रमण कर दुकान बना डाली। वहीं राजेश महाजन, निवासी सुवासरा द्वारा 150 फिट लंबाई की दीवार खड़ी कर अतिक्रमण कर लिया। इसके साथ ही नसीरन बी पति हैदर अली निवासी सुवासरा ने टीन शेड लगाकर अतिक्रमण किया और श्रृंगार की दुकान लगा ली। इन अतिक्रमण हटाने के आदेश को 20 दिन गुजर गए। लेकिन, प्रशासन की मेहरबानी के चलते अब तक ये अतिक्रमण नहीं हट पाए।

### आठ माह चला प्रकरण, लेकिन कार्रवाई बस कागजों तक सीमित...

तहसील कार्यालय में 08 महीने चले इस प्रकरण में 20 जून को अतिक्रमणकर्ता के विरुद्ध एक आदेश पारित किया गया। आदेश के अनुसार उक्त जमीन शासकीय है और इस पर अवैध रूप अतिक्रमण पाया गया। तहसीलदार द्वारा पारित आदेश में इन लोगों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की गई। तीन दिन में अतिक्रमण नहीं हटाने की स्थिति में सिविल जेल की कार्रवाई करने की बात कही गई। लेकिन, आदेश पारित होने के 20 दिन बाद भी अभी तक तहसील कार्यालय से उक्त अतिक्रमणकर्ताओ के अतिक्रमण नहीं हटे।

### इनका कहना...

इस मामले को में तहसीलदार को बोलकर गंभीरता से दिखवाती हूं।

**शिवानी गर्ग, एसडीएम सीतामऊ**

# गुरु के चरण पखार मांगा आशीर्वाद



**मंदसौर, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरुवार को उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिरों व आश्रमों में बड़ी संख्या में शिष्य अपने गुरुओं की वंदना करने पहुंचे। गुरु चरण पखार कर आशीर्वाद लिया। सुबह से रात तक गुरु पूजा के आयोजन चलते रहे। श्री पशुपतिनाथ मंदिर में स्वामी प्रत्यक्षानन्दजी महाराज की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की गई। कृषि उपज मंडी में गुरु पूजन का आयोजन हुआ, इस अवसर पंडित भीमाशंकरजी शास्त्री ने आशीर्वचन दिए। इसके साथ ही आश्रमों में भी गुरुओं की पूजा के लिए शिष्यों की भीड़ लगी रही।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु भक्तों में अपार उत्साह रहा। श्री पशुपतिनाथ मंदिर पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सुबह 9.30 बजे एसडीएम बिहारीसिंह ने प्रत्यक्षानंदजी महाराज की पूजा-अर्चना की। भक्तों ने महाराजजी की प्रतिमा के दर्शन कर चरण वंदना की। इस अवसर पर श्री पशुपतिनाथ मंदिर पर दिनभर भक्तों की भीड़ रही, भक्तों ने कतार में लगकर दर्शन किए। ब्रह्मानंद आश्रम में गुरु पूजा के लिए गुजरात से भी गुरु भक्त पहुंचे, दिनभर भक्तों ने गुरु की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मेनपुरिया आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर अपार उत्साह रहा। गुरु वंदना के लिए बड़ी संख्या में भक्तजन पहुंचे। सुबह से शाम तक यहां भक्तों का मेला लगा रहा। गुप्तानंद आश्रम में श्रद्धालुओं ने स्वामी रामजीवानंदजी के चरण पखारे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गुरु भक्त पहुंचे। कृषि उपज मंडी में पं. भीमाशंकरजी शास्त्री ने आशीर्वचन दिए। गुप्तानंद आश्रम, श्रीचैतन्य आश्रम में देवास, रतलाम, नीमच, चित्तौडग़ढ़, भीलवाड़ा, दिल्ली, जयपुर, सूरत, बड़ोदा सहित अन्य जिलों से भी भक्त पहुंचे। सभी आश्रमों में सुबह से रात तक भक्त आते-जाते रहे।

### आरएसएस ने भगवाध्वज को पूजा, दक्षिणा समर्पित की...

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवको ने भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भगवा ध्वज का पूजन कर दक्षिणा अर्पित की।



जानकारी के अनुसार शहर की करीब 20 बस्तियो में गुरु पूजन उत्सव का आयोजन किया गया। यहां स्वयं सेवको ने भगवा ध्वज की पूजा कर दक्षिणा समर्पित की। बता दें कि गुरु पूजन से प्राप्त राशि से ही संघ की पूरे वर्ष की व्यवस्था संपादित होती है।

## सावन आज से : पशुपतिनाथ मंदिर मार्ग पर स्थित मांस - अंडे की दुकाने बंद रहेगी

**मंदसौर, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। सावन माह की आज शुक्रवार से शुरुआत हो जाएगी। धार्मिक नगरी घोषित मंदसौर शहर में आज से रक्षाबंधन तक पशुपतिनाथ मंदिर मार्ग पर स्थित मांस और अंडे की दुकाने बंद रहेगी।**

नगर पालिका सीएमओ ने यह आदेश जारी किया हैं। आदेश के अनुसार 11 जुलाई से श्रावण मास शुरु हो रहा हैं। इसलिए श्री पशुपतिनाथ मंदिर पहुंच मार्ग और वीर सावरकर पुलिया व उसके आसपास लगने वाली मछली, मटन, चिकन और अंडा विक्रेताओं तथा दुकान संचालको को सूचित किया गया हैं कि 11 जुलाई शुक्रवार से 09 अगस्त रक्षाबंधन तक क्षेत्र में स्थित सभी नॉनवेज दुकाने, होटल, मार्केट बंद रहेंगे।

# 13 से वक्री होंगे शनिदेव, 28 नवंबर तक रहेगा प्रभाव

**मंदसौर, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। शनि ग्रह 13 जुलाई से वक्री अवस्था में प्रवेश करेंगे और यह स्थिति 28 नवंबर तक बनी रहेगी। ज्योतिष दृष्टिकोण से शनि का वक्री होना कई क्षेत्रों में गंभीर प्रभाव डाल सकता है। यह समयकाल समाज, राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलावों का संकेत देता है। विशेषज्ञों के अनुसार शनि का वक्री होना न्याय, अनुशासन और व्यवस्था से जुड़े मामलों में देरी, असंतुलन या पुनर्विचार की स्थिति ला सकता है। साथ ही यह समय पुरानी नीतियों की पुनरावलोकन, नेतृत्व परिवर्तन या आर्थिक नीति परिवर्तनों के लिए उपयुक्त माना जा सकता है।**

व्यक्तिगत रूप से भी यह अवधि आत्मनिरीक्षण, कर्म सुधार और धैर्य की परीक्षा का समय मानी जाती है। ज्योतिषाचार्य सलाह देते हैं कि इस दौरान किसी भी बड़े निर्णय से पहले सोच-समझकर कदम उठाएं और धैर्य एवं संयम बनाए रखें। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक नवग्रह में सबसे प्रभावी ग्रह शनि 13 जुलाई को वक्री होने जा रहे हैं, जो 28 नवंबर तक रहेंगे। वर्तमान में शनि मीन राशि में चल रहे हैं और मीन में ही वक्र काल रहेगा। शनि के वक्री होने से अलग-अलग प्रकार से सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक परिवर्तन दिखाई देंगे। प्राकृतिक दृष्टिकोण से भी कहीं भूस्खलन व हिमस्खलन की स्थिति दिखाई देगी, धर्म आध्यात्म से जुड़े लोगों के लिए कुछ स्थानों पर परीक्षा की घड़ी रहेगी। शनि के उपाय से राहत तथा अनुकूलता अनुभव होगी।

## ज्योतिष गणना: सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्र में दिखेंगे परिवर्तन

### देश-दुनिया में होंगे कई बदलाव...

ज्योतिष जानकारों के मुताबिक जब भी कोई ग्रह वक्री या मार्गी होते हैं, तो उसके अलग-अलग प्रकार के प्रभाव अलग-अलग क्षेत्रों में दिखाई देते हैं। चाहे वह तकनीकी परिवर्तन हो, राजनीतिक परिवर्तन हो या सामाजिक परिवर्तन हो। किसी भी प्रकार की घटना-दुर्घटना में ग्रहों का गति चक्र विशेष कार्य करता है, शनि का मीन राशि में वक्री होना एक प्रकार से धार्मिक दृष्टिकोण को परिवर्तन देगा, वहीं धर्म से जुड़े लोगों के लिए भी परीक्षा का समय रहेगा। कुछ स्थानों पर युक्ति निकाल करके सफलता भी अर्जित की जा सकेगी। हालांकि देश दुनिया की दृष्टि से देखें तो पहले से युद्ध उन्मादी राष्ट्रों के मध्य चली आ रही अस्थिरता को लेकर के सीज फायर उल्लंघन की आशंका भी है। इस प्रकार की अलग-अलग घटनाएं शनि के वक्र काल से दृष्ट होगी। वहीं स्वास्थ्य के प्रति आमजन को विशेष सावधानियां की आवश्यकता भी दिखाई दे रही है। संक्रमण से जुड़े व्याधि के क्षेत्र से बचने की आवश्यकता रहेगी।



### मिडिल ईस्ट और नॉर्थ ईस्ट से जुड़े राष्ट्रों में अशांति होगी...

ज्योतिष जानकारों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक दृष्टिकोण से देखें तो मिडिल ईस्ट और नॉर्थ ईस्ट से जुड़े सेक्टर में इसके अलग-अलग प्रभाव दिखाई देंगे। विशेष तौर पर यूरोप और एशिया से जुड़े दिशा से संबंधित क्षेत्र में आने वाले समय में अपनी प्रभुता के लिए संघर्ष करते दिखाई देंगे।

### प्राकृतिक प्रकोप भी दिखाई देगा...

ज्योतिष जानकारों के मुताबिक शनि के वक्रत्वकाल और श्रावण का मास और सूर्य के राशि परिवर्तन इन तीनों की स्थिति में कई स्थानों पर अतिवर्षण की स्थिति दिखाई देगी, जिसमें बाढ़, भूस्खलन, हिमस्खलन आदि संबंधित मामले दिखाई देंगे।

### बाजार में उठा-पटक का दौर...

ज्योतिष जानकारों के मुताबिक कीमती धातुओं का बाजार उच्च- निम्न स्थितियों को स्पर्श करेगा। कुछ स्थानों पर कपड़ा, धान्य आदि से जुड़े बाजार का रुख अलग रहेगा। शेयर मार्केट में मिडिल केप स्मॉल कैप से जुड़े बाजार में अलग प्रकार की स्थिति दिखाई देगी।

## सांप ने डसा, किसान की मौत

**मनासा, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र हांसपुर गांव में 52 वर्षीय किसान भोनी राम चौधरी की सर्पदंश से मौत हो गई। बुधवार रात करीब 8-9 बजे के बीच भोनी राम अपने घर के पास पशुओं को चारा डाल रहे थे। इसी दौरान एक विषैले सांप ने उनकी हाथ की उंगलियों पर काट लिया। परिजन पहले उन्हें गांव के देवस्थान पर झाड़-फूंक के लिए ले गए। जब भोनी राम की हालत बिगडने लगी, तब उन्हें मनासा के सरकारी अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉक्टर मौजूद नहीं थे। परिजनों के विरोध के बाद करीब 15-20 मिनट में डॉक्टर पहुंचे। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने भोनी राम को मृत घोषित कर दिया।

चिकित्सकों के अनुसार, सांप का जहर इतना तीव्र था कि एक घंटे के भीतर ही व्यक्ति की मृत्यु हो गई। मनासा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार सुबह परिजनों को सौंप दिया गया।

## लॉटरी एक्ट उल्लंघन का प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** थाने पर लॉटरी एक्ट के उल्लंघन के मामले में प्रकरण दर्ज हुआ। पिपलियामंडी गायत्री शक्तिपीठ निवासी निखिल पिता रमेशचन्द सोनी ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मल्हारगढ़ को शिकायत दर्ज कराई कि ईपरा इंडिया कंपनी संचालक सतीश पाटीदार द्वारा मल्हारगढ़ व पिपलियामंडी में ग्रामीणों को एजेंट बनाकर योजना के नाम पर कंपनी द्वारा कथित रुप से उपहार योजना/लक्की ड्रा के नाम पर थार, स्कार्पियो, बाइक आदि मंहगे उपहार देने का प्रलोभन देकर प्रत्येक व्यक्ति से करीब 300 रुपए लेकर रसीद दी जा रही है।

रसीद में क्यूआर कोड भी दिया जा रहा है, जिसके माध्यम से लोगों की व्यक्तिगत जानकारी एकत्र की जा रही है। यह लॉटरी एक्ट का उल्लंघन है। जांच के बाद पिपलियामंडी पुलिस ने संचालक पर धारा लॉटरी अधिनियम एक्ट की धारा 7 (1) व 297 में केस दर्ज किया।

# गुरु पूर्णिमा एक आध्यात्मिक अनुष्ठान है-डा.सोहनी

## पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का हुआ आयोजन



**मंदसौर, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,मंदसौर में दिनांक 10 जुलाई 2025 को भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्त्वावधान में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध शिक्षाविद् रमेश चन्द्र चन्द्रे , मुख्य वक्ता शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ.रवीन्द्र कुमार सोहोनी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने की।

कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप -दीपन के द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्प - हार पहनाकर एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। शब्द सुमनों से स्वागत भारतीय ज्ञान परम्परा की संयोजक डॉ. प्रीति श्रीवास्तव ने किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश चन्द्र चन्द्रे जी ने गुरु पूर्णिमा की शुभकामना देते हुए कहा कि विनम्रता व अनुशासन विद्यार्थी का सर्व प्रमुख गुण है। जो विद्यार्थी जीवनपर्यंत माता- पिता और गुरु के नियंत्रण में रहता है उसे जीवन भर किसी और के नियंत्रण में रहने की आवश्यकता नहीं होती। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. रवीन्द्र कुमार सोहोनी ने अपने वक्तव्य में बताया कि गुरु की महत्ता सर्वविदित है। भगवान को, देवताओं को और असुरों को भी गुरु की आवश्यकता है। गुरु हमें क्षमा करना सिखाता है, उदार और विनम्र बनाता है। गुरु पूर्णिमा एक आध्यात्मिक अनुष्ठान है, जिसमें एक आत्मा से दूसरी आत्मा का एकाकार होता है। गुरु शिष्य को विशिष्टबनाता है। यथार्थ के धरातल पर खड़ा रहना सिखाता है। आपने बताया कि आज का दिन शिष्य के द्वारा गुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि आज महर्षि वेदव्यास की जयन्ती है इसीलिये गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। कहा जाता है कि आज ही के दिन भगवान शिव ने सप्त ऋषियों को ज्ञान दिया था। आपने बताया कि गुरु हमारे चारों ओर है ।वह प्रकाश स्वरूप है जो शिष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर करता है। गुरु का चरण स्पर्श करने से अहंकार का विसर्जन होता है।जिस प्रकार शिष्य गुरु की खोज करता है उसी प्रकार गुरु भी योग्य शिष्य की खोज करता है। गुरु का महत्व अनिर्वचनीय है। कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी विभाग की प्राध्यापक डॉ. सीमा जैन ने किया तथा आभार संस्कृत के प्राध्यापक एवं एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक गण तथा विद्यार्थी बडी संख्या में उपस्थित रहे



# गुरुपूर्णिमा पर सैनिक स्कूल मंदसौर में आचार्य श्री रामानुजजी शास्त्री का आगमन

**मंदसौर, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। सैनिक स्कूल मंदसौर में गुरुपूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर पूज्य प्रसिद्ध राम कथा प्रवक्ता विद्वान संत आचार्य श्री रामानुजजी शास्त्री, का पावन आगमन हुआ। विद्यालय प्रांगण में उपस्थित कैडेटस ने पुष्पवर्षा कर घोष के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात् पग प्रक्षालन की पवित्र परंपरा निभाते हुए आचार्यश्री के कर कमलों की छाप लेते हुए कैडेटस ने उनके चरणों को वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।**

इस भावपूर्ण अवसर पर आचार्य श्री ने चरित्र रामचंद्रस्य विषय पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। उन्होंने श्रीराम के जीवन से धैर्य, मर्यादा और सेवा भावना के आदर्शों को समझाते हुए कैडेटस को आत्मविकास और राष्ट्रसेवा की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। आपने जामवंत और हनुमान के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा यह भूमि आपके आचार्यों के जीवन का उत्तरकांड है, और आप सभी के जीवन का बालकांड। उनकी वाणी ने सभी उपस्थितजनों के हृदय को छू लिया। गुरुपूर्णिमा के इस अवसर पर विद्यालय परिसर गुरुभक्ति, आत्मीयता और प्रेरणा की भावना से सराबोर हो उठा। इस गरिमामयी अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री अशोक पारिख, सह-सचिव एवं सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक श्री सुनील शर्मा, सैनिक स्कूल मंदसौर की प्राचार्या डॉ. सरोज प्रसाद, कमांडेंड कर्नल एस.एम. सिंह, उपप्राचार्या सुश्री लक्ष्मी राठौड, समाज के अनेक प्रबुद्धजन, विद्यालय की समस्त टीम एवं कैडेटस उपस्थित रहे।

# कन्या महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम सम्पन्न



**मंदसौर, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत महाविद्यालय में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त सह-प्राध्यापक डा.आर.के.वर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि पूर्व में महाविद्यालयों में प्राध्यापकों को व्याख्याताओं के रूप में जाना जाता था परन्तु कुछ वर्षा में गुरू का ओहदा प्रदान कर महाविद्यालयों में भी गुरू पूर्णिमा का उत्सव मनाया जाने लगा है। आपने बताया कि गुरू और शिष्यों के संबंधों में आज के परिदृश्य में बहुत परिवर्तन आ चुका है। गुरूकुल की शिक्षा पद्धति और आज के करिकुलम की पद्धति में काफी अंतर हैं जिसके तहत हमें किताबी ज्ञान देना होता है। आपने गुरूओं और शिष्यों को यह संदेश दिया है कि वे अपने-अपने कर्तव्यों का पूर्ण श्रद्धा से निर्वहन करें। आपने गुरू को सूर्य के समान प्रकाश फैलाने वाला और सत्य की ओर ले जाने वाला मार्गदर्शक बताया। आज के तकनीकी युग में गुरूओं की महत्ता समझाते हुए आपने कहा कि विद्यार्थी किसी प्रश्न का उत्तर तकनीकी माध्यमों से पा सकते है लेकिन उसकी पूर्ण समीक्षा और उस विषय का पूर्ण ज्ञान गुरू से प्राप्त होगा।

वरिष्ठ प्राध्यापक डा.पी.एल. पाटीदार ने कहा कि गुरू वो शक्ति है जो शिष्यों का अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। श्रुति और स्मृति दोनों का ज्ञान गुरू करता है और यह प्रयास करता है कि शिष्य इन दोनों में परिपूर्ण हो। मुझे आपने आध्यात्मिक 6जी वृत्तियों की व्याख्या करते हुए कहा कि प्रथम गणेश वृत्ति है जो कि चंचल न होकर सम्यक हों, दूसरा गौरी वृत्ति जो कि साधना की प्रतीक एवं श्रद्धा का उदाहरण है, तीसरा गंगा वृत्ति जो खुद स्वयं सबको पवित्र करके संगम में समाहित हो जाती है। चैथी गौ वृत्ति सरल, सहज और उदार पांचवी गगन वृत्ति जिसे नापना असंभव है। छठी गुणग्राही वृत्ति जो कि जहां से सत्य मिलता हैं वहीं से ग्रहण कर लेता है। वही सत्य है और वही सुन्दर है। साथ ही परम गुरू, जगदगुरू, सद्गुरू और कुलगुरू की विस्तृत व्याख्या की। महाविद्यालय की छात्रा कु.समीक्षा बाडोलिया ने सभी गुरूओं को गुरू पूर्णिमा की शुभकामनायें देते हुए गुरू की महिमा गीता के श्लोक गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वर:। गुरु: साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नम:।। आपने कहा कि गुरुओं की सीख की वजह से ही हम काबिल बन पाते हैं गुरु जगत में सर्वोपरि है। गुरु के बिना ज्ञान और सफलता प्राप्त करना संभव नही है। हमें गुरु के प्रति हमेशा श्रद्धेय रहना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रजवलन करके हुआ स्वागत भाषण महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर सुधीर रायजादा ने दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत शाल श्रीफल पुष्पहार से किया तत्पश्चात छात्राओं द्वारा महाविद्यालय स्टाफ को पुष्प गुच्छ एवं पुष्पहार देकर सम्मान किया कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजली जैन ने किया व आभार डॉ राजश्री ठाकुर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ और कई छात्राएं उपस्थित थी।



# दशपुर योग शिक्षा संस्थान ने मनाया गुरू वंदन समारोह

**मंदसौर, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर योग शिक्षा संस्थान द्वारा योग भवन में गुरु पूर्णिमा पर्व पर उत्साह और उमंग के साथ गुरूवंदन समारोह मनाया गया। योग साधकों ने योग गुरु सुरेन्द्र जैन का वंदन कर उन्हें पुष्पमाला, शाल, श्रीफल एवं प्रतिक चिन्ह भेंट कर उनका अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर दशपुर योग शिक्षा संस्थान के संस्थापक योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने कहा कि गुरू पूर्णिमा पर सभी साधक अपने अन्त:करण में स्थित गुरू को जागृत करने का संकल्प ले। गुरू प्रत्येक व्यक्ति के अन्दर होता है आन्तरिक स्वरूप में। वह जागृत होगा तो ही बाहरी गुरू द्वारा बताई शिक्षा को हम आसानी से ग्रहण कर सकेंगे। इस अवसर पर गुरू महिमा व योग से हुए लाभ के बारे में धर्मचन्द्र संगतानी, कैलाश शर्मा, सुरेश पारीख, प्रेमेन्द्र चौरडिया, ललित जैन वरमण्डवाला ने बताया। गुरू वंदना जिनेन्द्र उकावत ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर ओम गर्ग, जितेश फरक्या, विजय पलोड, बीना गर्ग, राजेन्द्र चाष्ट, कंवरलाल पाटीदार, जी.डी. मित्तल, राजकुमार अग्रवाल, महेश सेठिया, नीलम जैसवानी, चंदा चाष्ट, सुभाष पाटीदार, आनन्द करण, गोपालकृष्ण पलोड, गिरधर माली, गोपाल पाटीदार, शारदा माली, प्रदीप जैन, हेमा पारीख, दिनेश पारीख, प्रियंका मिण्डा, कोमल कोटवानी, अनिता गुप्ता, दिनेश क्षोत्रिय, पिंकी अरोरा, कमला मोर्य, आनन्द कश्यप, सपना पमनानी, सी.एस. नाराणिया, तेजमल गांधी, महेश सिसौदिया, राहुल सेठिया सहित बडी संख्या में साधक उपस्थित थे। संचालन सचिव लोकेन्द्र जैन ने किया व आभार प्रीति जैन ने माना।

# साबाखेड़ा विद्यालय में मना गुरू पूर्णिमा उत्सव



**मंदसौर, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय साबाखेड़ा में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। विद्यालय प्राचार्य श्री दिलीपसिंह डाबी, प्रधानाध्यापक श्री रतनलाल चौहान एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का ग्राम पंचायत साबाखेड़ा के सरपंच श्री परमानंद धनगर, क्षेत्र के जनपद सदस्य श्री बंशीलाल धनगर द्वारा अभिनंदन किया गया। प्रारंभ में भारत माता, मॉ सरस्वती व गुरू के चित्र पर सभी ने माल्यार्पण किया। श्री धनगर ने गुरु को गोविंद से भी बढ़कर बताया और वह कहा कि गुरु के आदेश का पालन करना चाहिए और शिक्षा के साथ-साथ संस्कार पर भी ध्यान रखना चाहिए। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं द्वारा पुराने समय में गुरुकुल व्यवस्था के बारे में एवं गुरु के महत्व को भी बताया। विद्यालय के प्राचार्य दिलीप सिंह डाबी ने सभी जन प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।



# बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न

**मनासा, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** विकासखंड स्तरीय स्कूल शालेय बैडमिंटन क्रीडा प्रतियोगिता में का आयोजन मनासा क्लब मनासा में संपन्न हुई। इसमें विकासखंड की आठ विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। इसमें से चयन कर जिला स्तरीय टीम चयन की गई प्रतियोगिता संयोजक प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मनासा श्री रामानुज परवाल, खेल शिक्षक श्री रुपेश मादले, खेल शिक्षक श्री दिनेश धाकड़सांदीपनी विद्यालय मनासा, पीटीआई अंकित बोरीवाल,श्री नितेश, भावना आर्य, श्री सुरेश भारद्वाज, श्री लोकेन्द्र टांक आदि खेल शिक्षकों ने प्रतियोगिता संपन्न करवाई। पूरी प्रतियोगिता का महाविद्यालय मनासा के क्रीड़ा अधिकारी श्री जगदीश विजयवर्गीय ने किया।

# सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में मना गुरू पूर्णिमा पर्व

**मंदसौर, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में गुरूवार को गुरु पूर्णिमा मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी उपस्थिति रही। उन्होंने कहा की गुरु पूर्णिमा केवल एक परंपरा नहीं, यह एक चेतना है, एक भावना है और हमें सदैव अपने गुरुओं का आदर और सम्मान करना चाहिए। साथ ही हमे शिक्षा को केवल रोजगार नहीं, आत्म-विकास का माध्यम बनाना चाहिये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृतिका माथुर ने किया। प्राचार्य डॉ. सोमानी का स्वागत तृतीय सेमेस्टर की छात्राध्यापिका प्रज्ञा ने किया। कार्यक्रम में बी.एड. तृतीय सेमेस्टर एवं डीएलएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों ने सनातन धर्म के गुरुओं के बारे में कहा की हमारे सनातन धर्म में ईश्वर से भी उंच्चा स्थान गुरु का माना है। कार्यक्रम में समस्त स्टॉफ व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहें। आभार श्री संजय डागर ने माना।



# नरसिंहपुरा में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया

**मंदसौर, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** दिनांक 10 जुलाई 2025 को आज नरसिंहपुरा में गुरु पूर्णिमा उत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्री मुरलीधर जी शास्त्री धारियाखेडी वाले ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष पर बहुत ही विस्तृत जानकारी सनातन धर्म के विषय में थी।



सभी भक्तों से निवेदन किया गया कि सभी अपने-अपनी एक-एक बुराई गुरु पूर्णिमा के उत्सव पर व्यासपीठ को चढ़ा दे और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए हरि के चरण शरण हो जाए। आगे पूज्य गुरुदेव ने यह भी बताया कि 13 अगस्त 2025 से 21 अगस्त 2025 तक नरसिंहपुरा कुमावत धर्मशाला मंदसौर में नव दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन भी किया जाएगा।

## आज मनाया जायेगा विश्व जनसंख्या माह

**नीमच, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री आर.के.खद्योत ने बताया, कि प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देगश्य लोगो के बीच में बढ़ती हुई जनसंख्या के दुष्परिणामों से अवगत कराना है। यह आवश्यक है कि हम विकराल रूप ले चूकी जनसंख्या वृद्धी को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कदम उठाऐ। इसके लिये शासन द्वारा अनेक प्रकार की परिवार नियोजन कार्यक्रमों, योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई से 11 अगस्त 2025 तक विश्व जनसंख्या माह मनाया जायेगा।



# विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के चरण धोकर गुरु के रूप में किया नमन

**दलौदा, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्री साई पब्लिक स्कूल, दलौदा में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक विशेष एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के चरण धोकर उन्हें गुरु रूप में नमन किया, जिससे माहौल श्रद्धा और संस्कारों से परिपूर्ण हो गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण, नृत्य, कविता एवं गीतों के माध्यम से गुरु के जीवन में महत्व को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया। उपस्थित सभी पालकों ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था संचालक श्री मोहसिन अख्तर एवं उप-प्राचार्य श्री सोमेश मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा खुशी गोदा एवं छात्र अरबाज खान ने किया एवं आभार छात्रा राजनंदिनी सिंह सिसोदिया ने माना। यह जानकारी स्कूल के शिक्षक श्री रोहन मोड द्वारा दी गई।

# सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई में मनाया गुरुपूर्णिमा महोत्सव



**मंदसौर, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई संजीत मार्ग मंदसौर में आज दिनांक 10 जुलाई 2025 को श्रद्धा, भक्ति एवं संस्कार से ओतप्रोत गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वन्दना के साथ हुआ।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के भैया बहिनों द्वारा गुरु महिमा को समर्पित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिनमें समूह गीत, कविता पाठ, शास्त्रीय नृत्य, एवं व्यक्तिगत भक्ति गीत प्रमुख रूप से सम्मिलित थे। इन सभी प्रस्तुतियों ने सभी भैया बहिनों को गुरु के प्रति आस्था एवं सम्मान का सुंदर संदेश दिया। मुख्य अतिथि विद्या भारती मध्य क्षेत्र के क्षेत्र कार्यकारणी सदस्य एवं पूर्व प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय मंदसौर श्री रविंद्र सोहनी ने अपने उद्बोधन में गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए महाभारत की गुरु शिष्य परंपरा की प्रेरणादायक कहानी सभी भैया बहिनों को प्रेषित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री गुरचरण बग्गा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में गुरु के महत्व को आधुनिक संदर्भों में र्समझाते हुए भैया बहिनों को अमृत कलश की प्रेरणा दाई कहानी से प्रेरणा दी। यह गुरुपूर्णिमा महोत्सव न केवल एक आयोजन था, बल्कि भैया बहिनों के अंतर्मन में गुरु के प्रति श्रद्धा, अनुशासन और संस्कारों के बीज बोने वाला एक प्रेरणादायक अवसर बन गया। इस अवसर पर भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव श्री अशोक पारीक, समिति के सह सचिव एवं सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक श्री सुनील शर्मा, समिति की साधारण सभा के सदस्य एवं व्यवसायी श्री अरविंद बोथरा, सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई एवं सैनिक स्कूल मंदसौर की वरिष्ठ प्राचार्या डॉ. श्रीमती सरोज प्रसाद, सीबीएसई विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा, उपप्राचार्या सुश्री लक्ष्मी राठौड, विद्यालय के समस्त आचार्य दीदी एवं भैया बहिन इस गरिमामयी कार्यक्रम के साक्षी रहे।

# श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव सम्पन्न



**मंदसौर, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्री प्रेम प्रकाश आश्रम में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरुवार 10 जुलाई को भगवान श्री लक्ष्मीनारायण, आचार्य सतगुरु स्वामी श्री टेऊँरामजी महाराज, सतगुरु सर्वानन्द महाराज, सतगुरु शान्तिप्रकाश महाराज, सतगुरु हरिदास रामजी, वर्तमान गादीपति सतगुरु स्वामी भगतप्रकाश जी महाराज एवं आराध्य देव भगवान झूलेलाल के चित्रों को आकर्षक व सुन्दर रूप में सजाया गया।

इस आशय कि जानकारी सेवा मण्डली के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शिवानी ने देते हुए बताया किघ्् आश्रम में श्रद्धालु गुरुभक्तों ने अपने सतगुरु की पूजा अर्चना कर श्री फल, मिश्री प्रसाद का प्रसाद अर्पित किया। श्री शिवानी ने बताया कि अमृत वेला प्रात: 6 बजे दादी पुष्पा पमनानी, देवकी कोठारी, पुरुषोत्तम शिवानी, सुरेश बाबानी, दिव्या नारायण शिवानी, मोहनदास व नरेश फतनानी, रेखा हरिश उतवानी, भावना मोहनदास नंदवानी, चन्दीराम चंदानी, विंध्यालता श्यामयानी, आशा मोटवानी, निशा भरत मलकानी आदि श्रृद्धालुओं ने पूजा, अर्चना के साथ मूर्तियों का पंचामृत, अभिषेक कर नवीन वस्त्र व आभूषणो से सोलह श्रृंगार किया जो देखते ही बन रहा था। गुरू प्रार्थना, पाठ, गुरू महाराज कि प्रतिमा का पूजन कर चन्दन तिलक किया गया। भगवान लक्ष्मी नारायण, भगवान झूलेलाल, सतगुरूओंकी आरती कर पल्लव पाकर प्रसाद वितरण किया गया। आभार प्रदर्शन दादी पुष्पा पमनानी एवं रेखा हरिश उतवानी ने प्रकट किया।

# भक्ति के साथ निर्भय भवन में मना गुरू पूर्णिमा का पर्व

**मंदसौर, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** गुरू पूर्णिमा का पर्व रामटेकरी निर्भय भवन रामद्वारा में श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया गया। श्री रामद्वारा के अधिष्ठाता एवं अन्तर्राष्ट्रीय संत स्वामी श्री रामनिवासजी महाराज के भक्तों प्रात: से ही तांता लगना शुरू हो गया, श्रद्धाभक्ति के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुजनों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी रामनिवासजी महाराज के सभी भक्तों के स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की। रामद्वारा की संचालिका भानेज बहन लाड दीदी ज्योतिषज्ञ में सम्पूर्ण व्यवस्था संभाल रखी थी। माता बहनों ने पूजा के बाद भजन कीर्तन होते रहे। श्रद्धालुजनों में क्षेत्र के सांसद श्री सुधीर गुप्ता, उनके सहयोगी साथी गौरव अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, डॉ. घनश्याम बटवाल, गीता भवन के सचिव पं. अशोक त्रिपाठी, उपाध्यक्ष जगदीश चौधरी, ट्रस्टी विनोद चौबे, शेष नारायण माली, ओम चौधरी (होंडा), जगदीश काबरा, राजेन्द्रसिंह अखावत (करनी इंटरनेशनल), ओ.पी. सोनी (अस्पताल वाले), युधिष्ठिर हातावत, प्रकाश रातड़िया एडवोकेट, सूरजमल गर्ग चाचाजी, मुकेश बैरागी, गुरूचरण बग्गा, कन्हैयालाल सोनगरा, गोपाल, भागीरथ, ईश्वरदास चारण (अफजलपुर), मांगीलाल चारण, सुभाष अग्रवाल आदि प्रमुख थे। इनके अलावा माता बहनों ने श्रीमती विद्या उपाध्याय, अनुपमा बैरागी, निर्मला माली, ज्योति गुप्ता नैनाकुंवर, मिथिलेश कुंवर, पुष्पा पाटीदार, कौशल्या सोनी, रेखा टेलर, लक्ष्मीबाई, उषा चौधरी, हीरामणी गर्ग, गंगादेवी अग्रवाल, रूपल संचेती, श्रेया ऋतु गर्ग, रक्षा जैन आदि प्रमुख थे। गुरू पूर्णिमा का नुक्ति का प्रसाद, अभिनंदन नगर निवासी राजेन्द्र पंवार परिवार की ओर से वितरित किया गया।



# अंगदान से बड़ा कोई दान नहीं-खिंची

**बड़वन, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सघन टीबी अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग मंदसौर के मार्गदर्शन में एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डा जी एस चौहान जी के सानिध्य में टीबी मुक्त रथ ग्राम बही एवं काचरिया चंद्रावत में ब्लॉक मल्हारगढ़ तहसील मल्हारगढ़ जिला मंदसौर मध्य प्रदेश में भ्रमण किया गया सभी ग्राम वासियों के स्कैनिंग करवा कर एक्सरे करवाए स्वास्थ्य विभाग मंदसौर के जगदीश खींची ने सभी ग्राम वासियों को अंगदान हेतु समझाया आपके कोई भी अंगदान से सामने वाले को नया जीवनदान मिल सकता है इसलिए अंगदान से घबराएं नहीं अनुदान जरूर अंगदान करने वाले को मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री डा मोहन यादव जी एवं शासन प्रशासन 26 जनवरी एवं 15 अगस्त पर सम्मानित करेगा अंगदान करने वाले को इसलिए घबराई नहीं अंगदान करने के लिए हर व्यक्ति को जागृत होना पड़ेगा अंगदान ही जीवनदान है इसलिए आप अंगदान जरूर करें खींची ने टीबी के बारे में आम जनता को जागरूक किया टीबी से कैसे बचा जाए एवं टीबी के क्या लक्षण है इसकी जानकारी दी गई चलने में सांस भर आता हो काफी दिनों से खांसी लगातार खांसी चलना

भूख नहीं लगना वजन कम होना रात को पसीना आना रात्रि में बुखार आना यह टीबी के लक्षण हो सकते हैं घबराएं नहीं जांच जरूर करवाना है खंखार की जांच में अगर पॉजिटिव आते हैं तो आपको 6 माह तक दवाई लेना है जन जागृति इसका इलाज है सभी को जागृत होना पड़ेगा भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार की ओर से स्वस्थ यकृत मिशनअभियान के अंतर्ग महिलाए एवं पुरुषों की स्कैनिंग की गई बीपी की जांच शुगर की जांच की गई वेट पेट का नाप इंच टेप से लिया गया सभी जाच की गई गई खींची ने बताया। आंगनबाड़ी केंद्र पर शिविर का आयोजन किया गया कई गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे स्वास्थ्य विभाग की और से सुपरवाइजर श्री प्रभु लाल रतनावत सी एच ओ ममता पाटीदार अनुसूया पाटीदार रेडियोग्राफर अनिल शर्मा महेश सिंघाडिया कई कर्मचारी आशा सहयोगिनी आशा सभी उपस्थितथे एवं गांव के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सभी राजस्व अधिकारी शासकीय जमीनों के बटांकन, तरमीम का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा करें-कलेक्टर

## शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें, रास्ता विवाद से संबंधित सभी प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के राजस्व अधिकारियों को दिए निर्देश



**नीमच, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी राजस्व अधिकारी रास्ता विवाद से संबंधित सभी प्रकरणों का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करें। रास्तों पर अतिक्रमण के प्रकरणों का निराकरण कर मौके पर रास्ता उपलब्ध करवाएं। साथ ही शासकीय जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करने और राजस्व न्यायालयों के आदेश के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने वालों के विरूद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा करते हुए दिए।

बैठक में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेडे, श्री राजेश शाह, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे, श्रीमती किरण आंजना, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे सभी शासकीय, देव स्थानों की जमीनों को संरक्षित करने के लिए सभी देव स्थानों की जमीनों का सर्वे करवाकर, रिर्पोट प्रस्तुत करें। जिसमें देव स्थान का नाम, गांव, देव स्थान के नाम किस गांव में कितनी जमीन है, उन पर यदि अतिक्रमण है, तो उसकी जानकारी एवं पुजारी नियुक्त है अथवा नहीं। इसकी जानकारी निर्धारित प्रारूप में कलेक्ट र कार्यालय को उपलब्ध करवाएं। कलेक्टर ने शासकीय जमीनों के बंटाकन, तरमीम का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से करने के निर्देश भी राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने शासकीय जमीनों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा, कि सभी राजस्व अधिकारी शामिलात खाते दर्ज शासकीय जमीनों के नक्शा तरमीम का कार्य सर्वोच्चे प्राथमिकता से पूर्ण करवाएं। उन्होने सीमांकन, अविवादित नामांतरण, बंटवारा एवं विवादित नामांतरण बंटवारा के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने खसरा ई-केवायसी कार्य की प्रगति की तहसीलवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए, कि प्रत्येक पटवारी को प्रतिमाह ई-केवायसी करने का लक्ष्य प्रदान कर प्रति सप्ताह एसडीएम एवं तहसीलदार ईकेवायसी कार्य की प्रगति की समीक्षा करें और लक्ष्य के अनुरूप ईकेवायसी कार्य करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने आरसीएसएम में दर्ज राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए आदेशों का अनुपालन करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का तत्पतापूर्वक निराकरण करवाने के निर्देश दिए।



# नपाध्यक्ष ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव में सहभागिता की

**मंदसौर, 10 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष में मंदसौर नगर व उनके आसपास के क्षेत्र में पहुंचकर गुरु पूर्णिमा उत्सव में सहभागिता की नपाध्यक्ष समिति गुर्जर ने सर्वप्रथम भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचकर वहां सांसद श्री सुधीर गुप्ता वह कलेक्टर श्रीमती आदित्य गर्ग के साथ प्रत्यक्षानंद जी की प्रतिमा की पूजा की इसके बाद उन्होंने नरसिंहपुरा स्थित देवाक माता मंदिर पहुंचकर पंडित दशरथ भाई जी के चरणों की पूजा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। यहां उन्होंने महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता, नगर पालिका सभापति निर्मला चंदवानी, दीपमाला मकवाना, पाषर्दगण भावना पमनानी, सुनीता भावसार के साथ पंडित दशरथ भाई जी का शाल श्रीफल फल भेंट कर सम्मान किया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने शुक्ला चौक स्थित गुरु अनीता दीदी के निवास स्थान पर पहुंचकर उनका भी सम्मान किया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने मेनपुरिया आश्रम पहुंचकर संतों का आशीर्वाद लिया तथा उनका सम्मान किया। नपाध्यक्ष ने इसके बाद धारियाखेडी पहुंच कर पंडित देवेंद्र शास्त्री एवं अन्य गुरुजनों का भी आशीर्वाद लिया, नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने मंडी परिसर में आयोजित पंडित भीमाशंकर जी शास्त्री के सानिध्य में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में भी सहभागिता की और आशीर्वाद प्राप्त किया इन सभी स्थानों पर नपाध्यक्ष का जन्म दिवस होने के कारण संतगणो,गुरुजनों ने भी श्रीमती गुर्जर को आशीर्वाद दिया।




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in